## सुलतानपुर में बनेगी हवाई पट्टी, करीब 68 फीसदी काम पूरा

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे : 3.2 किमी की होगी हवाईपट्टी

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के मेन कैरिज-वे का काम मार्च 2021 तक पूरा कर आवागमन के लिए खोल दिए जाने का लक्ष्य सरकार ने दिया है। इस एक्सप्रेस-वे पर सुल्तानपुर जिले में 3.2 किमी. लंबी हवाईपट्टी का निर्माण भी प्रस्तावित है। यहां पर आपात स्थिति में सेना के लड़ाकू विमान लैंडिंग व टेकऑफ कर सकेंगे। एक्सप्रेस-वे परियोजना का काम 68 फीसदी तक पूरा किया जा चुका है।

मुख्य सचिव राजेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप की बैठक में परियोजना की भौतिक प्रगति की समीक्षा की गई। इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 22494.94 करोड़ रुपये है। एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य को आठ पैकेजों में बांटकर किया जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे लखनऊ में लखनऊ-सुल्तानपुर रोड पर स्थित ग्राम-चांदसराय से प्रारंभ होकर यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी. पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा।



सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निर्माणाधीन गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे का निरीक्षण किया। इस दौरान यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी भी मौजूद थे।

## गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वेः सीएम ने की समीक्षा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के लिए मिट्टी की व्यवस्था कराई जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री ने सिकरीगंज स्थित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे और कम्हरिया घाट पर निर्माणाधीन घाघरा पुल का निरीक्षण किया। अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित कराई जाए। एक्सप्रेस-वे निर्माण कंपनियों ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि मार्च 2022 तक लिंक एक्सप्रेस-वे बन कर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यूपीडा और निर्माण कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने पीजीसीआईएल, पावर ट्रांसमिशन और पावर कार्पोरेशन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह विद्युत लाइनों के शिफ्ट करने के काम को जल्द करें।